राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०-174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस

दिनांक:-10दिसम्बर2025


राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक10 दिसंबर 2025 मंगलवार को हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ध्रुव पाल सिंह जी थे। एनएसएस स्वयंसेवियो द्वारा पुष्पगुच्छ देकर और बैज लगाकर मुख्यअतिथि महोदय जी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि महोदय जी के द्वारा दीप प्रज्वलन व मां भगवती शारदा की वंदना से हुई। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवियो ने लक्ष्यगीत को मधुर स्वर में गाया। इस अवसर पर स्वयंसेवी रिया ठाकुर द्वारा पहाड़ी गीत "पारलिया बानिया मोर जे बोले हो....", स्वयंसेवी शालू द्वारा "अम्माजी मा नी जाना......" स्वयंसेवी मानसी शर्मा द्वारा गजल "कौन कहता है....."तथा अन्य स्वयंसेवियों द्वारा पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की गई।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अनंतर प्राचार्य महोदय जी के द्वारा स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों के कर्तव्य के विषय में विशेष जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवियों को अनुशासन संवेदनशीलता और समर्पण की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा की जिज्ञासा और अनुभव ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की नींव है। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक आचार्य श्री अमन शर्मा जी के द्वारा स्वयंसेवियों को पांच समूह में बांटा गया। जिसमें पहला समूह विवेकानंद सदन, दूसरा सुभाषसदन, तीसरा व्याससदन, चौथा मार्कण्डेय सदन और पांचवा सतलुज सदन रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।



Prog. Officer NSS
G. C. Ju... a
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner



## जुखाला कॉलेज में एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

राष्ट्रीय सेवा शिक्षा के सिद्धांत पर है आधारित है, विद्यार्थियों को समुदाय से जोड़ने का करती है कार्य: ध्रुव



### तीन दिवसीय आपदा बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन




## समाज में जाकर उसकी पीड़ा को समझना ही वास्तविक शिक्षा : प्राचार्य



जुखाला कॉलेज में एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर मौजूद स्वयंसेवी और अन्य।


### राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ

### व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सरोकार, सेवा भावना पर रहेगा फोकस

















Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# द्वितीय दिवस

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत 11 दिसंबर 2025 को बुधवार को हुई। जिसमें सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास तथा प्रार्थना सभा के लिए एकत्रित हुए। प्रार्थना सभा में विवेकानंद सदन के स्वयंसेवियों द्वारा सुविचार, समाचार, प्रश्नोत्तरी तथा पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को महाविद्यालय के मुख्य द्वार की साफ सफाई करने का कार्यभार सौंपा गया। जलपान के पश्चात सभी स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार की साफ सफाई की गई। साफ सफाई करने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र हुआ। जिसमें हमारी मुख्य वक्ता विज्ञान की आचार्या डॉक्टर डिंपल चौहान जी रही। जिन्होंने छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य (physical Hygiene) विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता, व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक संतुलन तथा स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। बौद्धिक सत्र समाप्त होने के पश्चात विवेकानंद सदन के स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने खेलकूद में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। तत्पश्चात सायं काल में राष्ट्रगान के साथ सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का विराम हुआ।










Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)


Scanned with OKEN Scanner
















## स्वयंसेवियों ने संवारा कॉलेज परिसर

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कॉलेज परिसर की साफ सफाई की गई।

प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में स्वयंसेवियों ने आसपास के व्यापक क्षेत्र की सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक अमन शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों को विभिन्न कार्य-समूहों में विभाजित किया गया।

प्रत्येक समूह ने निर्धारित समयावधि के भीतर सौंपे गए कार्यों को पूर्ण करते हुए परिसर की स्वच्छता एवं सौंदर्य-वृद्धि में सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के

जुखाला कॉलेज में साफ सफाई करते स्वयंसेवी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

### बौद्धिक सत्र में शारीरिक स्वास्थ्य की दी जानकारी

बौद्धिक सत्र में सहायक आचार्य डॉ. डिंपल चौहान (विज्ञान) ने स्वयंसेवियों को शारीरिक स्वास्थ्य विषय पर जानकारी दी।

उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता, व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक संतुलन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया। संवाद

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.

Scanned with OKEN Scanner

# तृतीय दिवस

दिनांक :-12 दिसंबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत 12 दिसंबर 2025 को हुई। जिसमें सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास तथा प्रार्थना सभा के लिए एकत्रित हुए। प्रार्थना सभा में सुभाषसदन के स्वयंसेवियों द्वारा सुविचार, समाचार,प्रश्नोत्तरी और पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को महाविद्यालय खेल परिसर की सफाई करने का कार्य भार सौंपा गया। जलपान के पश्चात सभी स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय खेल परिसर की सफाई की गई। साफ सफाई करने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र हुआ। बौद्धिक सत्र में श्रीमती विजय शर्मा हेल्थ एजुकेटर, प्राथमिक उपचार अस्पताल मारकंड ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में मानव जीवन में शारीरिक, मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। इसी के साथ उन्होंने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को समाज के लिए विनाशकारी बताया और नशा निवारण के उपायों की विस्तृत जानकारी स्वयंसेवियों को प्रदान की। बौद्धिक सत्र के अंत में एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा जी के द्वारा विजय शर्मा जी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बौद्धिक सत्र के पश्चात सुभाष सदन के स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने खेल कूद में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। तत्पश्चात सायंकाल में सप्तदिवसीय शिविर के तृतीय दिवस का विराम हुआ।





Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P



















Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C, Jukhala
Bilaspur (H. P.

Scanned with OKEN Scanner

# चतुर्थ दिवस

दिनांक :- 13 दिसंबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस की शुरुआत 13 दिसंबर 2025 को को हुई। जिसमें सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास तथा प्रार्थना सभा के लिए एकत्रित हुए। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात सभी स्वयंसेवी एथलेटिक मीट की तैयारियों में लग गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महोदय जी के द्वारा दीप प्रज्वलन व झंडा फहराकर की गई। महाविद्यालय की विभिन्न यूनिट्स की टुकड़ियों के द्वारा मुख्य अतिथि महोदय जी को सलामी दी गई। प्राचार्य महोदय जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की एथलेटिक मीट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करना तथा उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय करना है।तत्पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने खेल प्रतिस्पर्धा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं में शॉट पुट व 100 मीटर दौड़,200 मीटर दौड़ व 400 मीटर दौड़ मुख्य रूप से रहे। इसमें लड़कों में प्रथम स्थान अनिल के द्वारा तथा लड़कियों में प्रथम स्थान स्नेहा के द्वारा हासिल किया गया। इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में एथलेटिक मीट के सचिव डॉक्टर विनोद कुमार जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा। इस प्रकार शिविर के चतुर्थ दिवस का विराम हुआ।



Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhal
Bilaspur (H

Scanned with OKEN Scanner














# जुखाला कालेज में स्पोटर्स मीट की फर्राटा दौड़ में अनिल और स्नेहा ने झटका पहला स्थान




टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एक दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एथलेटिक मीट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करना तथा उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय एवं अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने अपने वक्तव्य में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ आकर्षक एवं रंगारंग मार्च-पास्ट के साथ हुआ। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के पश्चात छात्रा वर्ग में उमा देवी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया जबकि छात्र वर्ग में अनिल कुमार ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। व्यक्तिगत स्पर्धाओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। 400 मीटर दौड़ के छात्रा वर्ग में उमा देवी ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय तथा प्रिया शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्र वर्ग में 400 मीटर दौड़ में अनिल ने प्रथम, नीरज शर्मा ने द्वितीय एवं मनीष कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H P)

Scanned with OKEN Scanner

# पंचम दिवस


दिनांक :-14 दिसंबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस की शुरुआत 14 दिसंबर 2025 को हुई। जिसमें सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास तथा प्रार्थना सभा के लिए एकत्रित हुए। प्रार्थना सभा में व्यास सदन के स्वयंसेवियों द्वारा सुविचार, समाचार, प्रश्नोत्तरी तथा पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को महाविद्यालय के पृष्ठ भाग व अध्ययन कक्षों को साफ करने का कार्यभार सौंपा गया। जलपान के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के पृष्ठ भाग व अध्ययन कक्षों की साफ सफाई की। साफ सफाई करने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र हुआ। सभी स्वयंसेवी बौद्धिक सत्र के लिए परीक्षा हॉल में एकत्रित हुए। बौद्धिक सत्र में संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य श्री अमन शर्मा जी विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने वर्णोच्चारण विधि एवं वर्ण गणना के विषय में स्वयंसेवियों को विस्तृत रूप से समझाया। बौद्धिक सत्र के पश्चात व्यास सदन व मार्कण्डेय सदन के स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने खेलकूद में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। इस प्रकार सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का विराम हुआ।










Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner




Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P

Scanned with OKEN Scanner

## षष्ठम दिवस

दिनांक :- 15 दिसंबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस की शुरुआत 15 दिसंबर 2025 सोमवार को हुई। जिसमें सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास तथा प्रार्थना सभा के लिए एकत्रित हुए। प्रार्थना सभा में सतलुज सदन के स्वयंसेवियों के द्वारा सुविचार, समाचार, प्रश्नोत्तरी और पिछले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रातः काल की गतिविधियों के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को कार्यभार सौंपा गया। जलपान के पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के दाईं व बाईं ओर साफ़ सफाई की गई तथा स्वयंसेवियों की एक टुकड़ी मार्कण्डेय अस्पताल में भ्रमण के लिए गई। वहां स्वयंसेवी रोगियों से मिले बातचीत की और उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करने के पश्चात बौद्धिक सत्र हुआ। बौद्धिक सत्र में डॉक्टर अजीत कुमार सहायक आचार्य संस्कृत NSS district नोडल ऑफिसर का विशिष्ट व्याख्यान रहा। उन्होंने एन एस एस स्वयंसेवियो को चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व विकास महत्व से अवगत कराया। बौद्धिक सत्र के अंत में एनएसएस प्रभारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा डॉक्टर अजीत कुमार जी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और खेलकूद में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । सायं काल में सप्त दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का विराम हुआ।






Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner










Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)


Scanned with OKEN Scanner









Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.

Scanned with OKEN Scanner






## स्वयंसेवियों को चरित्र निर्माण, नेतृत्व महत्व की दी जानकारी

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। उसके बाद स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास किया।

शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने की। इस दौरान विशिष्ट वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ. अजीत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवियों को चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व विकास के महत्व से अवगत कराया। एनएसएस केवल सेवा गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास के विकास का एक सशक्त मंच है।

उन्होंने स्वयंसेवियों को सत्यनिष्ठा, परिश्रम, समय-पालन एवं समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सशक्त नेतृत्व वही होता है जो सेवा-भाव से प्रेरित हो और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य करें।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने आचरण और व्यवहार के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। इस दौरान एनएसएस स्वयं सेवियों ने अनुशासन, सक्रिय सहभागिता एवं उत्साह का परिचय दिया। संवाद

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

# समापन समारोह

दिनांक :- 16 दिसम्बर 2025


राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह 16 दिसंबर 2025 मंगलवार को हुआ। इस दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवी समापन समारोह की तैयारियों में लग गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह जी ने शिरकत की। एन एस एस स्वयंसेवियो द्वारा पुष्पगुच्छ देकर और बैज लगाकर मुख्य अतिथि महोदय जी का स्वागत कियागया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महोदय जी के द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई। इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा मुख्य अतिथि महोदय जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात एन एस एस स्वयंसेवी प्रिया ठाकुर ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें पहाड़ी नाटी व पंजाबी गिद्दा विशेष आकर्षक रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद प्राचार्य महोदय जी का वक्तव्य रहा। प्राचार्य महोदय जी ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक बने। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा कठिन परिश्रम के माध्यम से जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि महोदय जी के वक्तव्य के बाद छात्र वर्ग में नीरज शर्मा व छात्रा वर्ग में किरण कुमारी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी के रूप में चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गतिविधियां , अनुशासन, स्वच्छता अवार्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को भी मुख्य अतिथि महोदय जी के द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में एनएसएस प्रभारी श्री अमन शर्मा जी के द्वारा मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों का धन्यवाद किया गया तथा राष्ट्रगान गाकर इस कार्यक्रम का समापन हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।





Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H










नीरज और किरण बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी













Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner

# जुखाला कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने स्वयंसेवियों को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। नीरज शर्मा और किरण कुमारी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया।










## जुखाला कॉलेज में संपन्न हुए एनएसएस शिविर में नीरज और किरण बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी



**बिलासपुर, (आपका फैसला)।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा, सहायक आचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय की छात्रा प्रिया ठाकुर ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत गतिविधि रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने स्वयंसेवियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक बनें और शिविर के दौरान अर्जित अनुभवों, अनुशासन एवं संवेदनशीलता को केवल अपने तक सीमित न रखते हुए समाज तक पहुंचाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा कठिन परिश्रम के माध्यम से जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र वर्ग में नीरज शर्मा तथा छात्रा वर्ग में किरण कुमारी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी के रूप में चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य स्वयंसेवियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अंजली एवं अभव्य पाठक द्वारा किया गया। समारोह के दौरान महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

सहायक आचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P.)

Scanned with OKEN Scanner